# कार्यालय कलेक्टर (जिला ई–गवर्नेंस सोसायटी) कबीरधाम (छत्तीसगढ़)

ज्ञापन

क्रमांक /5529 /वरि.लि./चाईस/e-gov./2016     कवर्धा,दिनांक 18/06/2016

प्रति,

1. प्राचार्य, आचार्य पंथ श्री गृन्धमुनि नाम साहब शास. स्नात. महाविद्यालय, कवर्धा
2. प्राचार्य, शासकीय कन्या महाविद्यालय, कवर्धा
3. प्राचार्य, इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय, पण्डरिया
4. प्राचार्य, नवीन शासकीय महाविद्यालय, पाण्डातराई
5. प्राचार्य, स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, बोड़ला
6. प्राचार्य, गजानंद माधव मुक्तिबोध शासकीय महाविद्यालय, स.लोहारा
7. प्राचार्य, नवीन शासकीय महाविद्यालय, पिपरिया

**विषयः–महाविद्यालय के छात्रों का ऑनलाईन एडमिशन फार्म एस.एल.सी.एम. के माध्यम से भरे जाने बाबत्**

....0.....

विषयांतर्गत डिजिटल भारत कार्यक्रम के अंतर्गत आपके महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों का ऑनलाईन एडमिशन Student Empowerment Through Technology Utilization (SETU) परियोजना द्वारा "स्टूडेंट लाईफ साइकिल मैनेजमेंट (SLCM) वेबसाईट के माध्यम से किया जाना है। वेबसाईट का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के माननीय राज्यपाल द्वारा किया गया है। इस वेबसाईट के जरिये ही अब विद्यार्थि शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश ले सकेंगें। इस योजना को सफल बनाने के लिए आपके महाविद्यालय में जिला स्तर से दो सी.एस.सी/च्वाईस एजेन्ट उपलब्ध रहेंगें, ताकि समस्त छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन पंजीयन कार्य किया जा सके। इस संबंध में समय–समय पर आवश्यक सहयोग हेतु श्री अंकित ठाकुर (78790–43302) श्री राहुल कुमार बघेल (97529–01456) से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

अतः आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों का ऑनलाईन एडमिशन कार्य पूर्ण करने हेतु आपकी संस्था में दो सी.एस.सी./च्वाईस एजेन्ट उपलब्ध कराया जा रहा है, उन्हे आवश्यक बैठक व्यवस्था सुनिश्चित कर सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें। इस आशय की सूचना अपने कार्यालय में चस्पा किया जावे। उक्त निर्देश पूर्ण करावें एवं पालन प्रतिवेदन भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

17/6/16

(धनंजय देवांगन)
कलेक्टर
जिला कबीरधाम

पृ.क्रमांक /5530/वरि.लि./चाईस/e-gov./2016     कवर्धा,दिनांक 18/06/2016

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, रायपुर को सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. सहायक संचालक, जनसम्पर्क अधिकारी, कबीरधाम को सूचनार्थ उक्ताशय की जानकारी दैनिक समचार पत्रों में लगातार 03 दिवस प्रकाशित कराया जाना सुनिश्चित करें।

(धनंजय देवांगन)
कलेक्टर
ज़िला कबीरधाम

e-governance/NASIR

Scanned with CamScanner